उनके मकान के परिसरों की ली गई तलाशी में आयकर अधिकारियों द्वारा 13.23 लाख रुपए के मूल्य के जवाहिरात और 95,000 रुपए की नकदी पकड़ी गई थी ? कर-निर्धारण वर्ष 1982–83 के लिए 5,50,000/–रुपए की राशि कर-निर्धारित की गई जो कि जवाहिरात में किए गए उस निवेश को दर्शाती है जिसके बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है।

इससे पहले कि कर-निर्धारण वर्ष 1983–84 के लिए कर-निर्धारण के प्रयोग प्रयोजन के लिए पकड़ी गई नकदी को हिसाब में लिया जाता, कर-निर्धारिती ने समझौता आयोग के पास आवेदन-पत्र दाखिल कर दिया । समझौता आयोग द्वारा आवेदन-पत्र को स्वीकार कर लिया गया है ।

गंगा कार्य योजना

157. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गंगा कार्य योजना के अन्तर्गत इलाहाबाद में किया जा रहा कार्य कितनी प्रगति पर है ;

(ख) पूरी कार्य योजना के कब तक कार्यान्वित किये जाने की संभावना है, और

(ग) उक्त योजना के अन्तर्गत मुख्य मुख्य कार्यों का ब्यौरा क्या है ?

पर्यावरण और वन मंत्री (श्री जेड. आर. अंसारी) : (क) और (ख) गंगा कार्य योजना के अन्तर्गत 1835.68 लाख रुपये की कुल लागत पर इलाहाबाद के लिए 18 स्कीमें मन्जूरी की गई है । 130.64 लाख रुपये की लागत पर छह स्कीमें पूरी हो गयी हैं । गऊघट, चाचर नाला और घाघर नाला की मुख्य दिशा-परिवर्तन और पर्मपिंग स्टेशन की स्कीमें जनवरी, 1989 में होने वाले कुम्भ मेले से पहले पूरी हो जाएंगी सीवेज उपचार संयंत्र को छोड़कर सभी संस्वीकृत स्कीमें सातवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि में पूरी करने के लिए समय-सूची बना ली गई है ।

(ग) 18 में से 10 स्कीमें अवरोधन और दिशा-परिवर्तन की है और एक सीवेज उपचार संयंत्र की है । अल्प लागत स्वच्छता की 2 स्कीमें और नदी तटाग्र सुविधाओं की यह स्कीम है । एक विद्युत शवदाहगृह बनाया जा रहा है और तीन अन्य स्कीमें जन सुविधाओं नदी जल गुणवत्ता की गहन निगरानी (मानीटरिंग) और सिवज फार्मों के नवरीकरण से सम्बन्धित हैं ।

स्टेट बैंक आफ इन्दौर में छंटनी

158. **श्री राम नरेश यादव :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि स्टेट बैंक आफ इन्दौर ने नवम्बर, 1987 से जुलाई, 1988 तक लिपिक सवर्ग के कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर छटनी कर दी है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या यह भी सच है कि छंटनी किये गये।बर्खास्त किये गये कर्मचारियों को भविष्य निधि एवं अन्य सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है और यदि नहीं, तो इस संबंध में कब तक किये गय भुगतान की राशि का ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में आर्थिक कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री एडवर्डो फलेरियो): (क) जी नहीं ।

(ख) यह सवाल पैदा ही नहीं होता ।

(ग) स्टेट बैंक आफ इंदौर ने सूचित किया है कि चार ऐसे मामले हैं जिनमें या तो कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया है या द्विपक्षी समझौते के उपबंधों के अनुसार उन्हें स्वैच्छिक रूप से सेवा निवृत्त माना गया है इन चार कर्मचारियों में से दो कर्मचारियों को उनकी पात्रता के अनुसार भविष्य निधि/व उपदान के रूप में 11,832/ रूपये की राशि का भुगतान किया गया है । शेष दो कर्मचारियों के लिए उनकी पात्रता के अनुसार भविष्य निधि/उपदान के रुपये 57849.75 रुपये की राशि जारी कर दी गई है अलबत्ता उन्होंने अभी तक इस राशि को स्वीकार नहीं किया हैं